पशु नस्ल सुधार के लिए सब्सिडी देगी सरकार

100 रुपये में मिलेगा सीमेन, देशी-विदेशी नस्ल के लिए मिलेगी सब्सिडी

अमर उजाला ब्यूरो

देहरादून। प्रदेश में पशु नस्ल सुधार और उच्च आनुवांशिक गुणवत्ता के पशुओं की संख्या बढ़ाने के लिए पशुपालकों को मात्र 100 रुपये में सीमेन दिया है। जबकि सीमेन के एक स्ट्रा की कीमत 1150 रुपये है।

स्वदेशी नस्ल के लिए 1050 और विदेशी नस्ल के लिए सीमेन पर 490 रुपये की सब्सिडी दी जाएगी। सरकार का मानना है कि इस नवीन तकनीक से तीन साल में प्रदेश में दुग्ध उत्पादन 2.75 मिलियन मीट्रिक टन प्रति वर्ष होगा। इससे पशुपालन में स्वरोजगार करने वालों को भी खासा लाभ होगा।

सोमवार को सचिवालय में प्रेसवार्ता में सचिव पशुपालन आर. मीनाक्षी सुंदरम ने बताया कि लिंग वर्गीकृत वीर्य उत्पादन करने में उत्तराखंड देश का पहला राज्य है। ऋषिकेश के पशुलोक में सीमेन लैब स्थापित की गई है। जिसमें एक साल में 2.61 लाख सीमेन स्ट्रा का उत्पादन किया है। इसमें 66 हजार से अधिक सीमेन प्रदेश में पशुपालकों को वितरित किए गए। 20 हजार से अधिक स्वदेशी नस्ल की गाय में सीमेन से कृत्रिम गर्भाधान किया। जिसमें 95 प्रतिशत बछिया पैदा हुई हैं।

नवीन तकनीक से प्रदेश में तीन साल में 2.75 मिलियन मीट्रिक टन दुग्ध उत्पादन की उम्मीद

उन्होंने बताया कि इस तीन लाख पशुओं को इस तकनीक से गर्भित करने का लक्ष्य रखा गया है। वर्तमान में प्रदेश में 1.87 मिलियन मीट्रिक टन प्रतिवर्ष दुग्ध उत्पादन हो रहा है। आने वाले तीन साल में दुग्ध उत्पादन 2.75 मिलियन मीट्रिक टन होने का अनुमान है। सचिव ने बताया कि पशुपालकों को नस्ल सुधार के लिए 1150 का सीमेन मात्र 100 रुपये में दिया जा रहा है। उत्तराखंड का देश पहला राज्य है, जहां पर पशुपालकों को कम कीमत पर सीमेन वितरित किया जा रहा है। अन्य राज्यों में इसकी कीमत 600 से 700 रुपये तक है।

अगस्त से शुरू होगी राष्ट्रव्यापी कृत्रिम गर्भाधान योजना

सचिव ने कहा कि केंद्र सरकार की राष्ट्रव्यापी कृत्रिम गर्भाधान योजना का दूसरा चरण एक अगस्त से शुरू होगा। यह 31 मई 2021 तक चलेगा। प्रत्येक जिले में 50 हजार पशुओं को गर्भित करने का लक्ष्य रखा गया है। अभियान से दुग्ध उत्पादन बढ़ने से किसानों की आय बढ़ेगी।

35 हजार लोगों को मुर्गीपालन में रोजगार देने का लक्ष्य

मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना में पशुपालन ने ग्राम कुक्कड विकास योजना को शामिल किया है। इस योजना के तहत लाभार्थी को एक माह के 50 चूजे दिए जाएंगे। विभाग ने 35 हजार लोगों को इस योजना से जोड़ने का लक्ष्य रखा है।

स्टेशन मुख्यालय, लैन्सडाउन

निविदा सूचना

यह सूचित किया जाता है कि स्टेशन मुख्यालय, लैन्सडाउन द्वारा 10 जुलाई 2020 को दुकानों के आवंटन हेतु निविदायें आमत्रिंत की गयी थी तथा इन दुकानों के आवंटन की निविदा 29 जुलाई 2020 (11 बजे सुबह) को खोली जायेगी अतः जिन लोगों ने आवेदन किया है वे 29 जुलाई 2020 (1 बजकर 45 मिनट सुबह) को गढ़वाल राईफल्स रेजिमेन्ट केन्द्र के कार्यालय परिसर में स्वेच्छा अनुसार उपस्थित होने की कृपा करें ।

पीठासीन अधिकारी

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, लघु सिंचाई खण्ड टिहरी

Phone & Fax 01376-234134 E-mail-eemidntt@gmail.com

पत्रांक /ल.सिं./टेण्डर/2020-21 दिनांक / /2020

प्रतिस्पर्धात्मक निविदा
ई-निविदा-सूचना।

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तराखण्ड की ओर से अधिशासी अभियन्ता, लघु सिंचाई खण्ड, टिहरी अन्तर्गत निम्न कार्य हेतु ई-टेंडरिंग, के माध्यम से सिंगल-बिड सिस्टम से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा सम्बन्धी सभी सूचना http://www.uktenders.gov.in पर दिनांक 04.08.2020 से उपलब्ध होगी।

क्र. सं.	कार्य का नाम	धरोहर धनराशि (रु. लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. में	निविदा की वैधता (दिवस)	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में)	ठेकेदार की श्रेणी
1	सा.सिं. योजना फफराण गांव	0.70	2500.00+ GST 18%	90 दिन	04 माह	लघु सिंचाई विभाग अन्तर्गत पंजीकृत श्रेणी-बी एवं उच्चतर

अधिशासी अभियन्ता

कार्यालय महानिदेशक, सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड
सूचना भवन, लाडपुर रिंग रोड देहरादून

E-mail ID :infodg.uk@gmail.com, dg-infor-uk@nic.in Phone. 0135-2662971/Fax: 2662334

पत्रांक - 274/सू.एवं लो.सं.वि. (विज्ञा.)198/2020 दिनांक : 27/07/2020

रुचि की अभिव्यक्ति (EOI)

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा सरकार की नीतियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को समय-समय पर विज्ञापनों के माध्यम से प्रचारित-प्रसारित करने के उद्देश्य से समाचार पत्रों में प्रकाशित होने वाली विज्ञापन सामग्री के डिजाइन तैयार